53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 23.7°c अधिकतम 30.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:43, सूर्यास्त - 7:05 | वर्ष : 53/अंक : 219 शनिवार, 09 अगस्त 2025 श्रावण, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

तीन चीजें अगर चली गयी
तो कभी वापस नहीं आती-
समय, शब्द और अवसर।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

बिहार में एसआईआर, मतदाता सूची से घुसपैठियों को बाहर रखने की प्रक्रिया है : अमित शाह



घुसपैठियों का हाथ हो जिनकी भी जीत में... वो उनका नाम हटने से तो बिलबिलाएंगे

# द्वारिकासिटी वासियों को राहत : सुप्रीम कोर्ट का आदेश गुंजन गुप्ता की निजी भूमि तक सीमित

## सुप्रीम कोर्ट ने शेष भूमि पर निर्माण कार्यों को मिली अनुमति, अगली सुनवाई 14 अगस्त को



**मुजफ्फरनगर, 8 अगस्त (बु.)।** सुप्रीम कोर्ट ने जानसठ रोड स्थित द्वारिकासिटी कॉलोनी से जुड़े विवाद में स्पष्ट किया है कि उसकी यथास्थिति बनाए रखने की पूर्व की व्यवस्था केवल याचिकाकर्ता गुंजन गुप्ता की स्वामित्व वाली भूमि तक सीमित है। अन्य भूखंडों पर निर्माण और विकास कार्य पूर्ववत् जारी रह सकेंगे। कोर्ट ने गुंजन गुप्ता की याचिका पर अगली सुनवाई की तारीख 14 अगस्त तय की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने शुक्रवार को गुंजन गुप्ता की याचिका पर सुनवाई की। याचिकाकर्ता ने 27 मई 2025 के आदेश के आधार पर डीएम और प्राधिकरण अधिकारियों को नोटिस भेजते हुए दावा किया था कि सुप्रीम कोर्ट ने संपूर्ण द्वारिका सिटी में निर्माण पर रोक लगा दी है। प्रशासन ने भी इसी आधार पर समस्त निर्माण कार्य रुकवा दिए थे। द्वारिका सिटी के संचालकों ने यह कहते हुए विरोध जताया था कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश केवल याचिकाकर्ता की निजी भूमि तक सीमित है। दोनों पक्षों में सुलह के प्रयास असफल होने पर मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा, जिस पर आज सुनवाई हुई। द्वारिका सिटी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल सुब्रमण्यम और अनुभव कुमार ने अदालत के समक्ष तर्क प्रस्तुत किए कि आदेश की व्याख्या गलत की जा रही है। राज्य सरकार के अधिवक्ता ने भी इसी बात का समर्थन किया। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि यथास्थिति का आदेश केवल गुंजन गुप्ता की भूमि पर लागू होगा, अन्य भूखंडों पर विकास गतिविधियां निर्बाध रूप से चल सकती हैं। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के अनुरोध पर कोर्ट ने 14 अगस्त को अगली सुनवाई तय की है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से कॉलोनीवासियों और संचालकों को बड़ी राहत मिली है।

# दो बहनों की अनोखी प्रेम कहानी, घर छोड़कर बनीं 'पति-पत्नी'

**मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त (बु.)।** जिले में रिश्तों को लेकर एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां दो ममेरी फुफेरी बहनें, जो एक-दूसरे से प्यार करती हैं, अपने-अपने घर छोड़कर भाग गईं थी और अब पति-पत्नी की तरह तैयार होकर थाने पहुंची, तो सबने दांतों तले उंगली दबा ली। पूरा मामला तितावी थाना क्षेत्र का है। दोनों बहनें रिश्ते में मौसेरी-फुफेरी बहनें लगती हैं। एक बहन निकिता की उम्र 20 साल है और दूसरी दीपांशी की उम्र 21 साल है। दोनों का प्यार बचपन से ही परवान चढ़ रहा था। जब उनके परिवारों को इस बारे में पता चला, तो उन्होंने इसका विरोध किया, जिससे उन्हें अपने भविष्य की चिंता सताने लगी। आखिरकार दोनों ने समाज और परिवार की परवाह किए बिना घर छोड़ने का फैसला किया।

दरसअल मुजफ्फरनगर के तितावी थाना क्षेत्र स्थित एक गांव की रहने वाली ममेरी बहन निकिता और सिखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव निवासी उसकी फुफेरी बहन दीपांशी दोनों पिछले डेढ़ साल से एक दूसरे को बेइन्तहा मोहब्बत किया करते थे। दोनों रोज खूब फोनों पर बात करते थे, जो निकिता के घर वालों को पसंद नहीं था, जिसके चलते कई बार दोनों के घरों में इस बात को लेकर विवाद भी हुआ था, लेकिन बीती 26 फरवरी को निकिता दीपांशी के साथ घर से फरार हो गई थी, जिसके बाद की कहानी बताते हुए ये दोनों बताती हैं कि वह गाजियाबाद में एक किराए के मकान में रहकर एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम किया करती थी। इधर घर से फरार दोनों बहनों के बाद इस मामले में घर से फरार होने के बाद निकिता के पिता ने आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायत भी दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि दूसरे गांव निवासी उसकी भांजी बेटी को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गई है उन्होंने अंदेशा जताया



था कि उनकी बेटी को कहीं बेच दिया गया है, जिसके बाद यह शिकायत लखनऊ से जब तितावी थाने पहुंची, तो पुलिस ने किसी तरह इन दोनों लड़कियों से संपर्क किया, जिसके बाद गुरुवार को यह दोनों थाने पहुंची थी, जहां इन्हें देखकर सभी भौचक्के रह गए। इस दौरान निकिता जहां मांग में सिंदूर भरकर दुल्हन की तरह थाने पहुंची थी, तो वहीं दीपांशी ने दूल्हे की तरह पैंट-शर्ट में एंट्री की। जिसके बाद इन दोनों ने पुलिस में अपने बयान दर्ज कराए। इस दौरान निकिता के परिजनों ने खूब उन्हें समझाने की भी कोशिश की, लेकिन दोनों अपने फैसले पर अड़ी रही। पुलिस ने बयान दर्ज करते हुए इन दोनों को पुलिस सुरक्षा में दीपांशी के घर भेज दिया। अब ये दोनों लड़कियां जो पहले ममेरी फुफेरी बहन हुआ करती थी, वो अब एक घर मे पति-पत्नी की तरह एक साथ लिविंग रिलेशनशिप में रह रही हैं। इन दोनों युवतियों का कहना है कि उनका लड़कों में कोई इंटरेस्ट नहीं है और वह एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह समझती हैं, जिसके चलते उन्होंने लिविंग रिलेशनशिप में रहने का फैसला लिया था। ये दोनों बहनें दावा कर रही हैं कि उन्होंने शादी भी कर ली है। जिसके बारे में जहाँ निकिता बताती है कि "दीपांशी से मैंने शादी की है, मैं खुश हूं शादी करके। डेढ़ साल से हम रिलेशन में थे हमने 6 दिन पहले शादी की है। मुझे अपने परिवार से खतरा है।" तो वही दीपांशी का कहना है कि "मैं निकिता से शादी की है यह मेरे मामा की लड़की है डेढ़ साल से रिलेशन में थे इसके घर पर मेरी मुलाकात हुई थी, उसके बाद एक दूसरे को हमने पसंद कर लिया। तेरा मैं आपस में ही प्यार हो गया उसके बाद हमने सोचा कि लड़कों में कोई भी इंटरेस्ट नहीं था।"

# शुरू हुए त्यौहार, दुकानदारों के चेहरों पर फिर लौटी मुस्कान











**मुजफ्फरनगर, 08 अगस्त (बु.)।** पिछले कुछ समय से बाजारों में पसरा सन्नाटा अब पूरी तरह से खत्म हो गया है और त्यौहारों की शुरूआत के साथ ही बाजारों की रौनक लौट आई है। मुजफ्फरनगर में भी बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है, जिससे दुकानदारों के चेहरों पर खुशी साफ नजर आ रही है। रौनक से भरे बाजार और खिलते चेहरे अभी हाल ही में रक्षाबंधन का त्यौहार था। इस त्यौहार की खरीदारी के लिए लोग बाजारों में खूब निकले। हर दुकान पर ग्राहकों की भीड़ दिखाई दी, जिससे दुकानदारों का उत्साह बढ़ गया है। चाहे वह रोली-धागे की दुकान हो या कपड़े, जूते और मिठाई की दुकान, सभी व्यापारियों के चेहरे पर मुस्कान है। यह रौनक और बिक्री आने वाले त्यौहारों जैसे दशहरा और दीपावली के लिए व्यापारियों के मन में उम्मीद जगा रही है। उन्हें लग रहा है कि जिस तरह से लोगों ने रक्षाबंधन पर खुलकर खरीदारी की है, उसी तरह आने वाले त्यौहारों में भी बाजार गुलजार रहेंगे। कुल मिलाकर, त्यौहारों की शुरूआत ने बाजार में जान डाल दी है और व्यापारियों के चेहरों पर फिर से रौनक लौटा दी है। इससे न सिर्फ बाजार का माहौल सकारात्मक हुआ है, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी एक नई गति मिली है।

# सड़क हादसे में चाचा भतीजे की मौत, महिला घायल



**मुजफ्फरनगर, 8 अगस्त (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के रोहाना में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौत हो गयी, जबकि महिला घायल हो गयी। बताया जाता है कि बरेली जनपद के थाना मीरगंज क्षेत्र के मोहल्ला गणेशपुरी के रहने वाले दो भाई भरत व मुकेश यमुनानगर में नौकरी करते थे। रक्षाबंधन पर्व मनाने के लिए भरत अपनी भाभी जयंती पत्नी मुकेश व 8 साल के भतीजे विहान को लेकर बाइक से लेकर यमुनानगर से बरेली जा रहे थे, तभी शहर कोतवाली क्षेत्र में रोहाना में बड़कली मोड़ पर उनकी बाइक में ट्रक ने टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों का बताना है कि ट्रक तीनों को काफी दूर तक घसीटता हुआ ले गया, जहां मौके पर ही इस 8 वर्षीय मासूम भतीजे व चाचा की मौत हो गयी, जबकि भाभी जयंती गंभीर रूप से घायल हो गयी। हादसे के बाद चालक ट्रक को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। दो लोगों की मौत की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को जिला चिकित्सालय ले आई, जहां डॉक्टरों ने भरत व भतीजे विहान को मृत घोषित कर दिया तथा दोनों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि उसकी घायल भाभी का उपचार चल रहा है। पुलिस ने दोनों के परिजनों को दुर्घटना की सचना दे दी है।






